इंडियन एयरलाइंस का 12 एयरबस ए-320 विमानों की प्राप्ति के लिए भी सरकार का अनुमोदन दिया गया है जिसमें से 7 की डिलीवरी 1993 में और 5 की की डिलीवरी 1994 में की जाएगी। इन से दो विमान पहले ही हाल में प्राप्त हो चुके हैं।

(ग) और (घ) विमानों का चयन करते समय, संबंधित क्षेत्र में विशेषज्ञों की सिफारिशों को ध्यान में रखा जाता है।

महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के लिए विमान सेवाओं के किराये में कमी

1050. **श्री महेश्वरी सिंह** : क्या नागर विमान और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अधिकाधिक पर्यटकों को आकर्षित करने की दृष्टि से उत्तर भारत के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के लिए चलाई जा रही वायु सेवाओं के किरायों में पिछले दो वर्ष के दौरान जो अभूतपूर्व वृद्धि की गई है, क्या उस वृद्धि को कम करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो सरकार कितना किराया कम करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि ऊपर भाग (क) का उत्तर "ना" में हो, तो उसके क्या कारण हैं?

नागर विमान और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) हवाई सेवाओं की ऊंची प्रचालन लागत के कारण, विमान किराये को कम करना संभव नहीं है।

Reduction in the limit of no development zone on certain beaches

1551. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state-

(a) whether it is a fact that Government have reduced the limit of no development zone on certain bea. ches from 500 mts. to 200 meters;

(b^ if so, the details of beaches where such relaxations was given together with the reasons;

(c) whether it is also a fact that these relaxations had the approval of the Ministry of Environment and Forests; and

(d) what is the present position in this regard?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) to (d) According to the notification, dated 20th February, 1991, of the Ministry of Environment and Forests, which regulates activities on the coastal areas, the area upto 200 meters from the High Tide Line (HTL) is earmarked as 'No Development Zone' and construction of beach resorts/ hotel$_s$ may be allowed beyond 200 metres from HTL in certain specified coastal regulation zones with the prior approval of the Ministry of Environment and Forests and the concerned State Governments.

वायुदूत की आमदनी में कमी

1502. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी** : क्या नागर विमान और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वायुदूत का किराया कमोबेश इंडियन एयरलाइन्स के किराए के बराबर होने के बावजूद घाटे में चल रहा है;